प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 29.04.2026 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- रिम्स में बिना अनुमति के एक करोड़ से अधिक के टेंडर जारी करने पर राज्य सरकार सख्त, अपर मुख्य सचिव ने दिये जांच के निर्देश।
- पश्चिमी सिंहभूम के टोंटो में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच भीषण मुठभेड़, कोबरा बटालियन का सर्च ऑपरेशन जारी।
- धनबाद रेल मंडल ने बरवाडीह में केंद्रीय विद्यालय खोलने के लिए दी एनओसी, 9 एकड़ से अधिक भूमि उपलब्ध कराने की मंजूरी।
- टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन की टीम ने फतह किया एवरेस्ट बेस कैंप, 17 हजार फीट से ज्यादा की ऊंचाई पर लहराया तिरंगा।
- जमशेदपुर की पुष्पांजलि बनर्जी बनीं बीसीसीआई अंडर–19 एलीट कैंप की बॉलिंग कोच, बेंगलुरु में युवा क्रिकेटरों को सिखा रही हैं गेंदबाजी के गुर।

********************

रांची के रिम्स अस्पताल में वित्तीय अनियमितताओं को लेकर राज्य सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है। अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में एक करोड़ रुपये से अधिक की निविदाओं की उच्च स्तरीय जाँच का निर्णय लिया गया है। बैठक में पाया गया कि कई निविदाएं बिना वित्त समिति की स्वीकृति के ही जारी कर दी गई थीं। अपर मुख्य सचिव ने अस्पताल की प्रशासनिक और चिकित्सा सेवाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

********************

राज्य में जे–टेट से जुड़ा भाषा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भोजपुरी, मगही और अंगिका जैसी भाषाओं को क्षेत्रीय सूची में शामिल नहीं कर युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

वहीं, सत्ताधारी झामुमो और कांग्रेस ने पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा को युवाओं की नियुक्ति से परेशानी है। कांग्रेस के प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने स्पष्ट किया कि यह नियमावली राज्य के हितों को ध्यान में रखकर बनाई गई है और इससे नियुक्ति प्रक्रिया में तेजी आएगी।

********************

प्रदेश भाजपा ने राज्य पुलिस पर पर नशे के कारोबार को संरक्षण देने का आरोप लगाया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहु ने मादक पदार्थों की तस्करी में पुलिस की भूमिका की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है।

इधर, सत्तारुढ़ झामुमो के केन्द्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पुलिस को नशा तस्करों के खिलाफ स्वतंत्र और कड़ी कार्रवाई के स्पष्ट निर्देश दिए हैं, जिसके तहत राज्यभर में छापेमारी और गिरफ्तारियां हो रही हैं।

********************

राज्य के 45 हजार सहायक अध्यापकों के लिए आज राहत भरी खबर आई है। शिक्षा मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू और स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी के साथ हुई बैठक में शिक्षकों की मांगों पर सकारात्मक सहमति बनी है। मंत्रियों ने भरोसा दिलाया है कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद सरकार वेतनमान पर निर्णय लेगी और किसी भी अध्यापक की नौकरी नहीं जाएगी। साथ ही अनुकंपा पर बहाली की प्रक्रिया को भी सरल बनाया जाएगा।

********************

पश्चिमी सिंहभूम के टोंटो और गोइलकेरा थाना क्षेत्र में आज तड़के सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच भीषण मुठभेड़ हुई है। रूटुगुटू के जंगलों में सर्च ऑपरेशन पर निकले कोबरा 209 बटालियन के जवानों पर नक्सलियों ने हमला कर दिया, जिसका सुरक्षा बलों ने मुंहतोड़ जवाब दिया। जिला एसपी अमित रेनू ने पुष्टि की है कि रुक–रुक कर फायरिंग अब भी जारी है और पूरे इलाके को घेर लिया गया है। एक करोड़ के इनामी नक्सली मिसिर बेसरा के दस्ते के खिलाफ यह अभियान चलाया जा रहा है। सुरक्षा बल पूरी सतर्कता के साथ स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

********************

उच्चतम न्यायालय ने शिक्षा का अधिकार– आरटीई कानून के तहत गरीब और पात्र बच्चों के अनिवार्य दाखिले को एक राष्ट्रीय मिशन करार देते हुए इसे बरकरार रखा है। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि निजी गैर–सहायता प्राप्त स्कूल भी पात्र विद्यार्थियों को बिना किसी देरी के प्रवेश देने के लिए कानूनी रूप से बाध्य हैं।

********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज

All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

********************

धनबाद रेल मंडल ने शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी पहल करते हुए बरवाडीह में केंद्रीय विद्यालय खोलने का मार्ग प्रशस्त कर दिया है। रेलवे ने इसके लिए करीब पौने दस एकड़ भूमि उपलब्ध कराने की अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी कर दी है। स्कूल का प्रारंभिक संचालन रेलवे के मौजूदा भवन में ही किया जाएगा। इस निर्णय से रेल कर्मचारियों के बच्चों के साथ–साथ क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों को भी अब स्थानीय स्तर पर ही उच्च स्तरीय शिक्षा का लाभ मिल सकेगा।

********************

गिरिडीह जिले के नक्सल प्रभावित पीरटांड़ प्रखंड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के श्री अन्न विजन को धरातल पर उतारते हुए महिलाएं अब मोटे अनाज से स्वादिष्ट मिठाइयां और कुकीज़ तैयार कर रही हैं। नाबार्ड के जिला प्रबंधक आशुतोष ने बताया कि महिलाओं को प्रशिक्षित कर उन्हें स्वावलंबी बनाया जा रहा है।
प्रशिक्षण पाकर जिले की महिलाएं अब मडुआ और बाजरा को सस्ते में बेचने के बजाय उनसे लड्डू और बर्फी बनाकर बेहतर मुनाफा कमा रही हैं।

********************

टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन की आठ सदस्यीय टीम ने विश्व की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट के बेस कैंप तक की ट्रेकिंग सफलतापूर्वक पूरी कर ली है। वरिष्ठ प्रशिक्षक राथू महतो के नेतृत्व में इस दल ने 17,598 फीट की ऊंचाई तक चढ़ाई की। इस दल में शहर के डॉक्टर और पेशेवर शामिल थे, जिन्होंने दुर्गम रास्तों और विपरीत मौसम के बावजूद इस साहसिक अभियान को पूरा किया।

********************

आज सुबह के सत्र में घरेलू शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांकों में एक प्रतिशत से अधिक की तेजी देखी गई। नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, सेंसेक्स 936 अंक बढ़कर 77 हजार 823 पर पहुंच गया, जबकि निफ्टी 288 अंक बढ़कर 24 हजार 284 पर पहुंच गया।

********************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 38 हजार 500 रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 54 हजार रूपये प्रति किलो है।

********************

कुछ खेल की खबरें

झारखंड की खेल प्रतिभाएं राष्ट्रीय मंच पर लगातार परचम लहरा रही हैं। जमशेदपुर की अनुभवी कोच पुष्पांजलि बनर्जी को बीसीसीआई ने अंडर–19 महिला एलीट कैंप के लिए गेंदबाजी कोच नियुक्त किया है। पुष्पांजलि वर्तमान में बेंगलुरु में देश की उभरती महिला क्रिकेटरों को गेंदबाजी के गुर सिखा रही हैं।

वहीं, हॉकी के मैदान से बड़ी खबर है। बिलासपुर में चल रही ऑल इंडिया महिला हॉकी प्रतियोगिता में सिमडेगा की टीम ने पुणे को 4–0 से हराकर लगातार दूसरे वर्ष सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। टीम की ओर से सीता, शिवानी, राजमणि और अमृता ने शानदार गोल किए।

इधर, राजधानी रांची के खेल गांव में आगामी 1 मई से ऑल इंडिया ओपन कराटे चैंपियनशिप की शुरुआत होने जा रही है। इस प्रतियोगिता में पहली बार भारतीय सेना का 17 सदस्यीय दल हिस्सा लेगा।

*****************